**जातीय समानता को बढ़ावा देने के**
**मौजूदा और योजनाबद्ध उपाय**

**कर्मचारी मुआवजा सहायता कोष बोर्ड**
**(एम्प्लोइज कोम्पेन्सेशन असिस्टेन्स फंड बोर्ड)**

कर्मचारी मुआवजा सहायता कोष बोर्ड ("द बोर्ड ") की स्थापना कर्मचारी मुआवजा सहायता अध्यादेश (कैप.365) ("द ECAO") के तहत 1 जुलाई 1991 को की गई थी। यह ECAO के तहत स्थापित कर्मचारी मुआवजा सहायता कोष ("द फंड") का प्रबंधन करता है और काम के दौरान लगी चोटों के लिए मुआवजा और राहत भुगतान के लिए हकदार कर्मचारियों और पात्र व्यक्तियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कर्मचारी मुआवजा सहायता योजना को लागू करता है।

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | • घायल कर्मचारियों या मृत कर्मचारियों के परिवार के पात्र सदस्य जो कर्मचारी मुआवजे या सामान्य कानूनी हर्जाने को प्राप्त करने में विफल रहते हैं, जिसके लिए नियोक्ता उत्तरदायी है, नियोक्ता (या बीमाकर्ता) से वसूली के सभी कानूनी और वित्तीय व्यवहार्य साधनों को समाप्त करने के बाद संबंधित व्यक्ति सहायता के लिए कोष में आवेदन करने के पात्र है । |
| मौजूदा उपाय | • बोर्ड चीनी और अंग्रेजी में सेवाएं प्रदान करता है।<br>• अल्पसंख्यक जातीयों के लिए केंद्र के माध्यम से जहाँ आवश्यक और उपयुक्त होगा व्याख्या सेवाएं प्रदान की जाएंगी। |
| भविष्य के कार्य का मूल्यांकन | • बोर्ड विविध जातीयों के लोगों की सेवा आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए सेवाओं के उपयोग पर विवरण और आंकड़े (गैर-व्यक्तिगत विवरण) एकत्र करता है। |

| | |
|---|---|
| किए गए/ किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय | • विविध जाति की निम्नलिखित आठ अलग-अलग भाषाओं (इंडोनेशियाई, नेपाली, उर्दू, पंजाबी, तागालोग, थाई, हिंदी और वियतनामी) में "कर्मचारी मुआवजा सहायता अध्यादेश के तहत सहायता के लिए आवेदन के बारे में जानकारी " और " अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न" के पत्रक कार्यालय में वितरित मुद्रित प्रतियों के साथ ऑनलाइन प्रदान किए जाएंगे।<br><br>• बोर्ड हमारी सेवाओं में सुधार लाने के लिए विभिन्न जातीय समूहों के लोगों की राय और सुझावों का अध्ययन करेगा।<br><br>• निरंतर सुधार के लिए उपायों की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है । |

जातीय समानता को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा और योजनाबद्ध उपायों से संबंधित पूछताछ के लिए, कृपया निम्नलिखित चैनल्स के माध्यम से बोर्ड के प्रशासन और वित्त अधिकारी से संपर्क करें:


| | | |
|---|---|---|
| टेलिफोन नं. | : | 2116 5684 |
| फैक्स नं. | : | 2109 0310 |
| ईमेल | : | contact@ecafb.org.hk |
| डाक का पता | : | 33/F, Morrison Plaza, 9 Morrison Hill Road, Wanchai, Hong Kong |


**कर्मचारी मुआवजा सहायता कोष बोर्ड**
**मई 2026**